भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
पावर सेक्टर - पीईएम, नॉएडा

बी एच ई एल
BHEL

नए वर्ष पर कार्य पालक निदेशक का संदेश

मेरे प्रिय साथियो,

मैं आपको और आपके परिवार को सुखद एवं समृद्ध नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं देती हूँ। आइए, 'भेल दिवस' के अवसर पर, इंजीनियरिंग उत्कृष्टता की हमारी परिश्रमी और प्रगतिशील यात्रा का जश्न मनाएं। मैं इस अवसर पर महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करते हुए भी, वर्ष 2021 के दौरान विशिष्ट प्रगति प्राप्त करने के लिए आप सभी का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करती हूं।

यह नव वर्ष 2022 में विश्वास और उत्साह के साथ आगे बढ़ने का समय है, और आशा करते है कि निकट भविष्य में अर्थव्यवस्था में और सुधार होगा जिससे भेल आगे बढ़ने में सक्षम होगा। इस दौरान, हम जो कुछ भी करते हैं उसे और बेहतर बनाने के लिए हमारे द्वारा अपने संकल्प को मज़बूत करने, निरंतर ज्ञानार्जन करने, कौशल विकसित करने और पीईएम को वैश्विक प्रतिष्ठा के एक बेंचमार्क डिवीजन के रूप में निर्मित करने के प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

भेल ने वर्ष 2021 को निर्णायक कार्य का वर्ष घोषित किया था। पीईएम ने एफजीडी लागत अनुकूलन, मितव्ययी खरीद, प्रोजेक्ट क्रियान्वयन और परमाणु ऊर्जा संयंत्र इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भी कई पहल की हैं। हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हमारे आठ साथियो को विभिन्न वर्गो में भेल उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किये गए हैं।

दोस्तों, तेजी से बदलती हुई दुनिया, नई चुनौतियों और नए व्यापार के अवसरों को सामने ला रही हैं। मुझे विश्वास है कि पीईएम में हम सभी इन अवसरों का लाभ उठाएंगे और आने वाले वर्षों में नए लक्ष्य हासिल करेंगे।

पिछले वर्ष हमने कोविड की दूसरी लहर के दौरान बड़ा ही कठोर समय देखा है और हममें से कई लोगों ने बहुत कुछ सहा और अपने कुछ दोस्तों / सहयोगियों को भी खो दिया है। अब पुन: जिस तरह से नये कोविड वेरिएंट सामने आ रहे हैं, हमें फिर से चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। तो आइए, कोविड के उपयुक्त व्यवहार करते हुए सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

एक बार फिर आपको और आपके परिवार को नव वर्ष 2022 के लिए हार्दिक शुभकामनाएं एवं अभिनन्दन !

शुभकामनाओं सहित,

अलका

अलका टुटेजा
कार्यपालक निदेशक/पीएस-पीईएम

01 जनवरी 2022